Government of Rajasthan
Department of Science & Technology (DST)
Regional Office, Marudhara Colony, Bikaner-334001
Tel. No. 0151-2226661 *www.dst.rajasthan.gov.in*

क्रमांकः एफ10(6)विप्रौ / विउनवलगढ / 2016 / 462 दिनांकः 08.09.2025

## खुली निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञान उद्यान, नवलगढ, झुंझुंनू हेतु विभिन्न सेवाओं/ कार्यों के एक वर्षीय अनुबन्ध हेतु मोहरबन्द लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें (द्विस्तरीय निविदा सिस्टम) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | बयाना राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा जमा / प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय (दोपहर 1 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालन, प्रदर्शन, गतिविधि आयोजन सेवायें | 09.98 | 19960 / – | 200 / – | 19.09.2025 |
| 2. | तकनीकी रखरखाव सेवा | 02.35 | 4700 / – | 200 / – | 19.09.2025 |
| 3. | बागवानी कार्य मय सामग्री | 03.60 | 7200 / – | 200 / – | 19.09.2025 |
| 4. | सफाई कार्य मय सामग्री | 03.50 | 7000 / – | 200 / – | 19.09.2025 |
| 5. | सुरक्षा कार्य | 08.50 | 17000 / – | 200 / – | 19.09.2025 |

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते इस विभाग की रोकड़ शाखा से निर्धारित निविदा शुल्क नकद (डाक द्वारा मंगवाने पर रु 50 / – अतिरिक्त) जमा कराकर या **अनुसंधान अधिकारी**, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बीकानेर के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक के साथ दिनांक 19.09.2025 को दोपहर 11 बजे तक भिजवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई निविदाएं उपरोक्तानुसार 19.09.2025 को दोपहर 1 बजे तक निविदा में वर्णित कार्यालय में स्वीकार की जावेगी। प्राप्त निविदाओं के संदर्भ में 19.09.2025 को दोपहर 3 बजे विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर में उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट *www.dst.rajasthan.gov.in* / स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखा एवं डाउनलोड कर मय निर्धारित शुल्क के विभाग में जमा करवाया जा सकता है।

**अनुसंधान अधिकारी**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
बीकानेर

# PART – A
## भाग – अ

## विषय–सूची



| क्र.स. | विवरण | अध्याय # |
|---|---|---|
| 1. | **निविदा महत्वपूर्ण दिनांक व प्रसंग** | |
| 2. | निविदा आमंत्रण | **अध्याय 1** |
| 3. | निविदा सूचना | **अध्याय 2** |
| 4. | कार्य विवरण | **अध्याय 3** |
| 5. | पात्रता के मानदंड (Eligibility Criteria) | **अध्याय 4** |
| 6. | बयाना राशि (Earnest Money Deposit) | **अध्याय 5** |
| 7. | निविदा की विधि | **अध्याय 6** |
| 8. | अपात्रता | **अध्याय 7** |
| 9. | निविदा का मूल्याकंन | **अध्याय 8** |
| 10. | प्रतिभूति राशि एवं निर्णित हर्जाना (Security Deposit and Liquidated Damages) | **अध्याय 9** |
| 11. | सामान्य नियम ,शर्ते एवं भुगतान **विधि** | **अध्याय 10** |

Government of Rajasthan
Department of Science & Technology (DST)
Regional Office, Marudhara Colony, Bikaner-334001
Tel. No. 0151-2226661 *www.dst.rajasthan.gov.in*

**मूल्य ₹ 200.00**

# निविदा–प्रपत्र

**कार्य का नामः** **विज्ञान उद्यान, नवलगढ, झुझुनू में अनुबन्ध पर साफ–सफाई कार्य मय सामग्री उपलब्ध कराने के कार्य के वार्षिक अनुबन्ध हेतु निविदा**

## महत्वपूर्ण दिनांक एवं प्रसंग

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | **क्रमांकः 462 दिनांक 08.09.2025** |
| निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **दिनांक 19.09.2025 को दोपहर 1 बजे तक** |
| तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि एंव समय | **दिनांक 19.09.2025 को दोपहर 3 बजे** |
| निविदा फार्म सामने अंकित वैब साईट से भी डाउनलोड की जा सकती है। | www.dst.rajasthan.gov.in<br>www.sppp.rajasthan.gov.in |
| निविदा की वैधता अवधि | 3 months from the date of opening of Bid |

| | |
|---|---|
| Name of the Company / Firm: | **—— अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में लिखे ——** |
| Name of Contact Person: | |
| Address of Company/ Firm for Correspondence: | |
| Office Telephone No. / Mobile No. : | |
| Office Fax No. | |
| Office E-Mail Address: | |

**जहाँ सेवा कार्य सम्पादित किया जाना है, का पताः—**
विज्ञान उद्यान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नवलगढ, झुझुनू राजस्थान।

**जहां निविदा प्रपत्र प्राप्त किया व जमा कराया जाना है। :—**
1. क्षेत्रीय कार्यालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मरूधरा कॉलोनी, नागणेचेजी मंदिर रोड़, बीकानेर, राजस्थान। फोन 0151—2226661

**जहां निविदाएं खोली जानी हैः —**
क्षेत्रिय कार्यालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मरूधरा कॉलोनी, नागणेचेजी मंदिर रोड़, बीकानेर, राजस्थान। फोन 0151—2226661

Government of Rajasthan
Department of Science & Technology (DST)
Regional Office, Marudhara Colony, Bikaner-334001
Tel. No. 0151-2226661 *www.dst.rajasthan.gov.in*

# अध्याय–1
# निविदा आमंत्रण

राजस्थान सरकार का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग योग्य फर्मों से **विज्ञान उद्यान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नवलगढ, झुन्झुनू राजस्थान में अनुबन्ध पर साफ–सफाई कार्य मय सामग्री उपलब्ध कराने के वार्षिक अनुबन्ध हेतु निविदाएं** आमंत्रित करता है।

1. निविदा विहित निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत करनी होगी।

2. निविदा सूचना राज्य सरकार के नियमों के अनुसार समाचार पत्रों में जारी करने के साथ राजस्थान (SPPP) सरकार एवं विभाग की अधिकृत वैबसाइट www.dst.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित कर दी है।

3. निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में कार्यालयाध्यक्ष के अनुभाग में उपलब्ध होने के साथ साथ उक्त वैबसाइट पर भी उपलब्ध है जो कि इच्छुक फर्मों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है।

4. निविदादाता से अपेक्षित है कि वह निविदा जमा करवाने से पूर्व सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र का भली–भांति अध्ययन कर ले तथा ***विज्ञान उद्यान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नवलगढ, झुंझुनू राजस्थान में सम्बन्धित कार्य*** का निरीक्षण कर लें। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु निविदा सूचना में अंकित दिनांक तक कार्यालय समय में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। तथापि विभाग किसी प्रकार के लिखित स्पष्टीकरण हेतु बाध्य नहीं है।

5. निविदादाता, पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा मय समस्त वांछित प्रपत्रों/संलग्नकों के, निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय में, निविदा सूचना में अंकित स्थान पर जमा करवाना सुनिश्चित करवायेगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. निविदादाता द्वारा निविदा के साथ अथवा उससे पूर्व निविदा शुल्क एवं बयाना राशि विहित रूप में जमा करानी अनिवार्य है। जिसके बिना निविदा निरस्त समझी जायेगी (निविदा शुल्क एवं बयाना राशि के डीडी/बैंकर्स चैक अलग–अलग प्रस्तुत करें एवं चैक/डीडी के पिछले पृष्ठ भाग पर पैंसिल से अपनी फर्म का नाम एवं निविदा (कार्य) का नाम, संख्या अंकित करें) तथापि, यदि निविदादाता किसी प्रकार की नियमानुसार छूट चाहता है तो उसे निविदा मे उसका उल्लेख करते हुए सम्बन्धित प्रपत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए अन्यथा उक्त निविदा को छूट के योग्य नहीं समझा जायेगा।

7. विभाग द्वारा समय पर प्राप्त निविदाओं को, निविदा सूचना में दर्शाये गए समय एवं दिनांक को समिति तथा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं खोली जायेंगी तथा तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें सम्बन्धित फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी जिसका दिनांक, समय व स्थान निविदादाताओं को सूचित कर दिया जाएगा।

8. निविदादाता द्वारा निविदा निर्धारित प्रारूप मय अनुलग्नकों के तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व मोहर लगाकर प्रस्तुत करेगा।

9. विभाग को किसी भी निविदा को, पूर्ण अथवा भाग को, स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत/निरस्त निविदाओं के निविदादाताओं से कोई विमर्श नही किया जायेगा।

10. निविदा प्रपत्र में बतायी गयी शर्तों के अतिरिक्त निविदादाता की कोई भी अन्य शर्त स्वीकार नही की जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकृत नहीं होगी।
11. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार निविदा प्रपत्र आदि उचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद करना चाहिये।
12. निविदा प्रपत्र स्याही से भरे जायेंगे। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अंत में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।
13. **दरें शब्दों एवं अंकों दोंनो में लिखी जायेगी इसमें कोई त्रुटि या उपरिलेखन (कटिंग्स एवं ओवरराईटिन्स) नहीं होनी चाहिये। यदि कोई शुद्धियां करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं निविदादाता उस स्थान पर हस्ताक्षर करेगा।**
14. निविदायें उनके खोले जाने की दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये विधि मान्य होगी।
15. यदि इन शर्तो के किसी भाग, निविदा के स्पेसिफिकेशन के आशय के बारे में कोई संदेह हो तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे विभाग के सक्षम अधिकारी से उसका स्पष्टीकरण प्राप्त करना होगा।
16. निविदा के साथ निर्धारित बयाना राशि प्रस्तुत की जायेगी। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा । यह राशि नकद (₹ 20,000 से कम की राशि) अथवा बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक जो "Research Officer, Department of Science & Technology, Bikaner" अथवा " अनुसंधान अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, बीकानेर" के नाम होगा, के द्वारा जमा करायी जायेगी। सफल निविदादाता को आदेश प्राप्त होने के **8 दिवस** की अवधि के भीतर रू. 500/– के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा और कार्यादेश की राशि के 5 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति जमा करानी होगी।
17. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर से भी कम दरों वाली निविदा को, स्वीकार करने के लिए विभाग बाध्य नहीं है। बिना कोई कारण बतलाये किसी भी निविदा को रद्द करने या निविदा स्वीकार करने का अधिकार अपने पास आरक्षित रखेगा। विज्ञान पार्क परिसर नवलगढ, झुंझुंनू स्थित निविदत्त कार्य को निविदादाता देख लेवे एवं कार्य की प्रकृति को समझ लेवे।
18. किसी भी बिन्दु संबंधित या निविदा प्रपत्र संबंधित संशोधन विभाग द्वारा SPPP पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगें।
19. अन्य बिन्दु जो विधिवत हों।

**अनुसंधान अधिकारी**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
बीकानेर

Government of Rajasthan
Department of Science & Technology (DST)
Regional Office, Marudhara Colony, Bikaner-334001
Tel. No. 0151-2226661 *www.dst.rajasthan.gov.in*

# अध्याय–2

## निविदा सूचना

### खुली निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञान उद्यान, नवलगढ, झुंझुंनू हेतु विभिन्न सेवाओं/ कार्यों के एक वर्षीय अनुबन्ध हेतु मोहरबन्द लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें (द्विस्तरीय निविदा सिस्टम) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | बयाना राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा जमा/प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय (दोपहर 1 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई कार्य मय सामग्री | 03.50 | 7000/– | 200/– | 19.09.2025 |

निविदा प्रपत्र एवं शर्ते इस विभाग की रोकड़ शाखा से निर्धारित निविदा शुल्क नकद (डाक द्वारा मंगवाने पर रु 50/– अतिरिक्त) जमा कराकर या **अनुसंधान अधिकारी**, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बीकानेर के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक के साथ दिनांक 19.09.2025 को दोपहर 11 बजे तक भिजवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई निविदाएं उपरोक्तानुसार 19.09.2025 को दोपहर 1 बजे तक निविदा में वर्णित कार्यालय में स्वीकार की जावेगी। प्राप्त निविदाओं के संदर्भ में 19.09.2025 को दोपहर 3 बजे विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर में उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट *www.dst.rajasthan.gov.in*/स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर देखा एवं डाउनलोड कर मय निर्धारित शुल्क के विभाग में जमा करवाया जा सकता है।

**अनुसंधान अधिकारी**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
बीकानेर

# अध्याय 3
# कार्य विवरण

विभाग द्वारा अभीष्ठ कार्य के विवरण निम्नानुसार है :

अनुबन्ध एक वर्ष के लिए किया जावेगा तथा सन्तोषप्रद पाया गया तो ठेका/अनुबन्ध पूर्व की दरों शर्तो पर पारस्परिक सहमति से नियमानुसार बढाया जा सकता है।

3.1 **भागः—अ** विज्ञान उद्यान परिसर, नवलगढ, में अनुबन्ध पर सफाई का कार्य मय सामग्री ।

**भाग—अ विज्ञान उद्यान परिसर, नवलगढ, में अनुबन्ध पर सफाई का कार्य मय सामग्री ।**

**1) भवन**

विभाग के निम्न कार्य बिन्दुओं पर सेवाप्रदाता द्वारा कार्यालय समय में सफाई व्यवस्था हेतु निम्न प्रकार कार्य निष्पादकों (प्रत्येक बिन्दु पर एक) की उपस्थिति अनिवार्य है:

| क्र.सं. | विवरण | कार्य बिन्दु मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम तल जिसमें समस्त कार्यालय, टॉयलेट्स, मैन कोरिडोर, वर्कशॉप गैलेरी तारामण्डल आदि स्थित है | 1 |
| 2 | भवन के चारों तरफ का पाथ—वे, सामने का लॉन, पोर्च, पार्किंग, गेट न. के अन्दर व बाहर का ऑडिटोरियम के सामने तक का समस्त हिस्सा | 1 |
| | कुल | 2 |

**2) विज्ञान उद्यान परिसर**

| क्र.सं. | विवरण | कार्य बिन्दु मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | पीएसएलवी से ट्रेफिक परिसर, पीछे के टॉयलेट्स, समस्त पाथ—वे एवं निर्मित क्षेत्र व हरा क्षेत्र। मुख्य भवन के चारों तरफ का क्षेत्र ट्रेफिक पार्क परिसर से, डायनासौर पार्क स्थित समस्त पाथ—वे एवं निर्मित क्षेत्र व हरा क्षेत्र। | 1 |
| | कुल | 1 |

ठेकेदार/निविदादाता को प्रतिदिन उचित संख्या में कार्मिक लगााते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सफाई का कार्य प्रतिदिन सम्पादित किया जाना होगा। इस हेतु उपरोक्तानुसार कार्य बिन्दुओं पर न्यूनतम 03 कार्य निष्पादक निर्धारित वर्दी में एवं अधिकृत पहचान पत्र के साथ प्रत्येक कार्य दिवस में उपलब्ध रखने होंगे। ठेकेदार/निविदादाता द्वारा कार्य निष्पादन हेतु अनुभवी व सम्बन्धित कार्य में कुशल व्यक्तियों के माध्यम से ही सेवा प्रदान करनी होगी।

## 3.2 कार्य का विस्तृत विवरणः—

3.2.1 ठेकेदार/निविदादाता द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि विज्ञान उद्यान परिसर में छत, दीवार, कॉच, तस्वीर व किसी भी वस्तु की सतह इत्यादि पर धूल/निशान/धब्बे/जाले

दिखाई नहीं देने चाहिए। इसके लिए निविदाकर्ता को उपयुक्त सफाई साम्रगी से साफ करना होगा।

3.2.2 ठेकेदार/निविदादाता को प्रतिदिन उचित संख्या में सफाई कर्मी लगााते हुए यह सुनिश्चित करना होगा । संचालन के समय से पूर्व सफाई की जानी आवश्यक होगी।

3.2.3 ठेकेदार/निविदादाता द्वारा एक सुपरवाईजर को लगाना होगा जो कि सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था की निगरानी करेगा तथा इस सुपरवाईजर का नाम व फोन न. विभाग को उपलब्ध कराने होगें। सुपरवाईजर को कार्यस्थल पर ही **उपस्थित रहना होगा** । सुपरवाईजर को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

3-2-4 सफाई कार्यों में फर्श की सफाई एवं पोछा शामिल है। सफाई कार्यों में फिनाईल, साबुन के पानी का घोल इत्यादी अन्य साम्रगी जो सफाई कार्य में उपयोग आती हो उपयोग में लाना होगा। सफाई कार्य के पश्चात् प्रत्येक कक्ष एवं कोरीडोर में रुम फ्रेशनर छिडकवाने की व्यवस्था करनी होगी।

3.2.5 कार्यालय में सफाई कार्य करने वाला कार्य में पूर्ण दक्ष होना अनिवार्य है। साथ ही कमरों की सफाई व्यवस्था वैक्यूम क्लीनर द्वारा एक सप्ताह में कम से कम तीन बार रूटीन सफाई के अलावा करवाई जानी हैं सफाई झाडू या वैक्यूम क्लीनर द्वारा करने के पश्चात् फिनाईल डाल कर उस क्षेत्र को रोजाना पोंचा लगाना एवं कमरें में रखे फर्नीचर को डस्टर से अच्छी तरह से साफ करने का दायित्व सफाईकर्मी का रहेगा। निविदाकर्ता द्वारा रखे गये सुपरवाईजर उपरोक्त सफाई कार्य को समय पर करवाने के अलावा यह भी सुनिश्चित करेगें कि सफाई व्यवस्था धूल रहित पूर्ण हो रही है।

3.2.6 वैक्यूम क्लीनर द्वारा अधिकारियों के कमरों के अलावा अन्य कमरों मे कारपेट/सोफा सैट/परदें आदि की सफाई प्रत्येक एक सप्ताह में एक बार एवं गर्मीयों में दो बार एवं धूल भरी आंधियों के आने पर उसी दिन आवश्यक रूप से करनी होगी।

3.2.7 सफाई उपकरणों, मशीन आदि को कार्य करने के बाद सुरक्षित व सही स्थान पर रखेगें जिससे दर्शकों को असुविधा न हो ।

3.2.8 शौचालयों की धूलाई साबुन के पानी एवं फिनाईल के उपयोग से करना होगा। शोचालयों में फिनाईल की गोलियों का प्रयोग एवं समय–समय पर तेजाब अथवा केमिकल से सफाई तथा सफाई सम्बन्धि पाउडर का प्रयोग भी करना होगा। समस्त शोचालयों में प्रतिदिन साफ नेपकीन, साबुन, फिनाईल की गोलियां निर्धारित स्थान पर हमेशा उपलब्ध होनी चाहिए।

3.2.9 विज्ञान उद्यान परिसर की गटर लाईन में सप्ताह में एक बार लाईन में पानी एवं एसिड चलाकर साफ करना होगा तथा इस बात का ध्यान रखा जावें कि पानी नहीं जमा होने पाएं।

3.2.10 विज्ञान उद्यान परिसर, नवलगढ, (भवन एवं उद्यान) की सफाई करने के पश्चात् कचरें को भवन परिसर के बाहर निर्धारित स्थान पर डालने की व्यवस्था करनी होगी इसके अतिरिक्त दूसरी जगह कचरें को डालने की अनुमति नहीं होगी।

3.2.11 ठेकेदारों/निविदादाताओं को विशेष आयोजनों/अन्यथा आवश्यकता पड़ने पर विशेष सफाई का कार्य भी करना होगा। विशेष सफाई कार्य सामान्य कार्यालय समय/दिवस के अलावा भी करवाया जा सकेगा जिसकी सूचना यथा समय पूर्व में अधिकृत अधिकारी द्वारा ठेकेदार/निविदादाता को दी जावेगी। इस प्रकार की सफाई व्यवस्था की पूर्ण

जिम्मेदारी ठेकेदार/निविदादाता की होगी तथा कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।

3.2.12 इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा बतायें गये समस्त कार्यों को पूरा करना होगा एवं सफाई करने वाले व्यक्ति उपलब्ध कराने होगें।

3.2.13 ठेकेदारों/निविदादाताओं को सफाई सम्बन्धित निम्न साम्रगी की उपयुक्त मात्रा में व्यवस्था स्वयं को करनी होगी जिसका कोई भी भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा, इसकी दर निविदा में शामिल होगीः–

| | |
|---|---|
| 1. | फिनाईल,मिट्टी का तेल ,फिनिट स्प्रे,रुम स्प्रे |
| 2. | टॉयलेट साबुन |
| 3. | फिनाईल की गोलियां सभी टॉयलेट्स में एवं आवश्कतानुसार |
| 4. | वाशिंग पाऊडर |
| 5. | पोंचे, झाडू, सूती कपड़ा |
| 6. | सफाई कार्य हेतु ग्लब्स |
| 7. | हार्पिक या समकक्ष, एसिड, टॉयलेट क्लीनर आदि |
| 8. | ओडोनिल या समकक्ष कोलीन आदि क्लीनिंग स्प्रे |
| 9. | डस्टर ब्रुश, जाले साफ करने का ब्रश मय हैण्डल |
| 10. | अन्य साम्रगी जो आवश्यकतानुसार सफाई कार्य में उपयोग आती हो |

3.2.14 ठेकेदार/निविदादाता द्वारा सफाई कार्य आवश्यक उपकरण/मशीनें/ संसाधनों द्वारा किया जावेगा। सफाई कार्य के उपयोग में लिये जाने वाले उपकरण/मशीन/संसाधन/ठेकेदार/निविदादाता के स्वयं के होगें :–

नियमित किये जाने वाले प्रस्तावित कार्य**:** दिये गये निर्देशों के अतिरिक्त निम्न विवरण के अनुसार कार्य करना होगा :–

| **क.** | **स्थान** | **विवरण** | **आवृत्ति** |
|---|---|---|---|
| **अ.** | **भवन** | | |
| 1. | | मेज, कुर्सी, दरवाजे, एवं फर्श इत्यादि का सफाई कार्य | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| | | पर्दे/ब्लाइंड्स, छत के कोने, पंखे इत्यादि की सफाई कार्य | साप्ताहिक एवं आवश्यकतानुसार |
| 2. | | फर्श का सफाई कार्य | दिन में तीन बार एवं आवश्यकतानुसार |
| | | छत (भीतर से), दीवार, तस्वीरें, दरवाजे, इत्यादि | प्रति दिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 3. | | सम्पूर्ण क्षेत्र | दिन में तीन बार एवं आवश्यकतानुसार |
| 4. | | फर्श, छत (भीतर से), मेज कुर्सी एवं, दरवाजे, खिडकिया, रैक्स मानीटर/ टी.वी., काँच की दीवार, इत्यादि | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | | छत का फर्श, नाली, ड्रेन पाइप इत्यादि | माह में एक बार एवं आवश्यकतानुसार |
| 6. | | कुर्सी, फर्नीचर, स्टेज, दीवारें, कारपेट आदि की सफाई | प्रतिदिन एक बार एवं आवश्यकतानुसार |
| **ब.** | **उद्यान परिसर** | | |
| 1. | उद्यान परिसर में स्थित समस्त प्लेटफार्म आदि | मेज, कुर्सी, दरवाजे, एवं फर्श पर्दे/ब्लाइंड्स, छत के कोने, पंखे इत्यादि का सफाई कार्य | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 2. | उद्यान परिसर में समस्त लॉन में कचरा एवं पत्ते उठाने का कार्य | सूखे पत्ते, सूखी घास, दर्शकों द्वारा फेंके गये अन्य डिस्पोजेबल आईटम्स एवं अन्य गंदगी या कचरा जो लॉन में पड़ा हुआ हो | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 3. | उद्यान परिसर में स्थित होद/पानी की टकी आदि | | आवश्यकतानुसार |

3.2.15– विज्ञान उद्यान, नवलगढ, भवन के प्रत्येक तल पर स्थित समस्त कक्ष/ हॉल/ मुख्य द्वार / निकास द्वार (कॉरिडोर)/ ऑडिटोरियम/ तारामण्डल/ आदि के बाहर एवं अन्दर आवश्यकतानुसार गमले रखने होंगे एवं उनकी प्रतिदिन देखभाल करनी होगी।

3.2.16– ठेकेदारों/निविदादाताओं को विशेष आयोजनों/अन्यथा आवश्यकता पड़ने पर विशेष सफाई का कार्य भी करना होगा। विशेष सफाई कार्य सामान्य कार्यालय समय/दिवस के अलावा भी करवाया जा सकेगा जिसकी सूचना यथा समय पूर्व में अधिकृत अधिकारी द्वारा ठेकेदार/ निविदादाता को दी जावेगी। इस प्रकार की व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार/ निविदादाता की होगी तथा इसका कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

3.2.17– इसके अतिरिक्त केयर टेकर/अधिकृत अधिकारी द्वारा बताये गये समस्त सफाई सम्बन्धी कार्यों को पूरा करना होगा।

3.2.18– **साफ–सफाई के सामान हेतु अनुमानित मासिक व्यय 2500.00 रूपये संभावित है।**

**हस्ताक्षर निविदादाता एवं नाम**
**सील**

Government of Rajasthan
Department of Science & Technology (DST)
Regional Office, Marudhara Colony, Bikaner-334001
Tel. No. 0151-2226661 *www.dst.rajasthan.gov.in*

# अध्याय 4
# पात्रता के मानदण्ड (Eligibility Criteria)

**विज्ञान उद्यान परिसर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नवलगढ, झुंझुंनू में अनुबन्ध पर साफ–सफाई कार्य मय सामग्री उपलब्ध कराने के कार्य के वार्षिक अनुबन्ध हेतु**

*निविदादाता को इन निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढना चाहिये एवं अपनी निविदायें भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिये।*

## (ए) निविदादाता की पात्रता (Eligibility Criteria) जो अनिवार्य है एवं जिनके अभाव में निविदा निरस्त मानी जावेगी।

1. निविदा फर्म के निदेशको/प्रोपराइटरों/साझेदारों/मालिक/कम्पनी सचिव के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा भरी जाने की अवस्था में उस व्यक्ति को निविदा भरने हेतु फर्म के निदेशको/ प्रोपराइटरों/साझेदारों/मालिक/कम्पनी सचिव के द्वारा अधिकृत किया जाने वाले दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो फर्म के निदेशक/ प्रोपराइटरों/ साझेदारों/ मालिक/ कम्पनी सचिव के द्वारा सत्यापित होनी चाहिये।

2. निविदादाताओ को निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित बयाना राशि आवश्यक रूप से जमा करवाया जाना है जिसके बिना निविदा निरस्त समझी जायेगी। इसके प्रमाण के रूप में नकद जमा रसीद अथवा निर्धारित मूल्य का डीडी/ बैंकर चैक जो कि "Research Officer, Department of Science & Technology, Bikaner" अथवा " अनुसंधान अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बीकानेर" के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ प्रपत्र में विवरण अंकित करते हुए संलग्न करना होगा। तथापि कोई निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप निविदा मूल्य में छूट पाना चाहता है तो उसे निविदा में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवश्यक प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करने होंगे जिनके बिना उसे छूट का पात्र नही समझा जायेगा।

**बयाना राशिः–**

3. ठेकेदारों/निविदादाताओं को बयाना राशि सम्बधिंत अध्याय/ निविदा सूचना में दिये गये विवरण के अनुसार आवश्यक रूप से निविदा जमा करवाने के समय– बयाना राशि (EARNEST MONEY), के रूप में नकद की रसीद की प्रति (₹ 20,000/– से कम की राशि होने की स्थिति में ) अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ प्रतिभुति निक्षेप जो "Research Officer, Department of Science & Technology, Bikaner" अथवा " अनुसंधान अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, बीकानेर" के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ जमा करवानी है। बयाना राशि के अभाव में निविदा निरस्त समझी जायेगी। तथापि कोई निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप बयाना राशि में छूट पाया जाना चाहता है तो उसे निविदा में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवश्यक प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करने होगे जिनके बिना उसे छूट का पत्र नही समझा जायेगा।

**पंजीकरण :–**

4. ठेकेदार/निविदादाता/फर्म **को निविदा के साथ** किसी भी **सक्षम अधिकारी द्वारा (राज्य/केन्द्र) श्रम सम्बन्धित विभाग में पंजीकरण की** स्वसत्यापित प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करनी चाहिये जिसके अभाव में निविदा निरस्त की जा सकेगी।

5. ठेकेदार/निविदादाता/फर्म किसी भी सक्षम प्राधिकारी (राज्य व केन्द्र) से अधिकृत **GST** सम्बधिंत विभाग में पंजीकृत होनी चाहिये| फर्म की निविदा के साथ आवश्यक रूप से उक्त पंजीकरण प्रपत्रो की स्वयॅ द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करनी चाहिये जिसके अभाव में निविदा निरस्त की जा सकेगी।

6. निविदादाता फर्म श्रम विभाग, पी.एफ. विभाग एवं ई.एस.आई. विभाग में पंजीकृत होनी चाहिए **(यदि लागू है )** तथा निविदा प्रपत्र के साथ सम्बन्धित **पंजीयन प्रमाण–पत्र** की स्वप्रमाणित प्रति निविदा प्रपत्र में विवरण अंकित करते हुए संलग्न की जानी अनिवार्य है।

**कार्यानुभवः –**

7. निविदादाता को किसी भी निविदत्त कार्य के संबंध में अनुबन्ध पर कार्मिक उपलब्ध कराने के कार्य या तत्सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने का **न्यूनतम 01** वर्ष का अनुभव हो जिसमें अनुभव के प्रमाण के तौर पर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र मय कार्यादेश की प्रतियां एवं भुगतान प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियाँ निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। इसका विवरण इस निविदा प्रपत्र के Annexure 01 में बढ़ती हुई तिथि वार अंकित किया जाना आवश्यक है।

7.(अ) फर्म इस निविदा प्रक्रिया के दौरान यदि किसी राजकीय संस्था में सेवाएं दे रही हैं तो कार्यआदेश की प्रति अवश्य लगावें।

7.(ब) जिस भी अनुभव प्रमाण पत्र का हवाला Annexure-1 में दिया जावे उसका कार्य संतोषजनक का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।

**वित्तीय स्थितिः–**

8. निविदादाता का गत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्नओवर न्यूनतम **₹** 05 लाख प्रतिवर्ष (औसतन) होना आवश्यक है। इसके प्रमाण के रूप में निविदादाता फर्म की गत तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24 व 2024–25) की चार्टेड अकाउन्टेन्ट (संविदा लेखाकार) से प्रमाणित बैलेन्सशीट/ऑडिट रिपोर्ट की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी।

9. निविदादाता के विभिन्न टैक्स जैसे जीएसटी/आयकर व अन्य राज्य/केन्द्र सरकार को देयकर 31 मार्च 2025 तक (या सरकार द्वारा निर्धारित तिथि तक) बकाया नहीं होने चाहिए।

10. निविदादाता द्वारा अपने लैटर हैड पर निर्धारित प्रारूप **(Annexure-02) में** शपथ पत्र (undertaking) में प्रदान करेगा जिसमें वह स्पष्ट रूप से निविदा के साथ लगाये गये प्रपत्रों/दस्तावेजों के सत्य होने को उल्लेखित करेगा **व** प्रमाणित करेगा कि निविदादाता फर्म केन्द्र/राज्य सरकार अथवा किसी भी सरकारी उपक्रम द्वारा ब्लेक लिस्टेड नही किया गया है।

11. उक्त पात्रता पूरी करने वाले योग्य निविदादाता ही तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में सफल माने जावेगें तथा उन्ही की वित्तीय बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में योग्य नहीं पाये जाने वाले निविदादाताओं की वित्तीय बिड नहीं खोली जावेगी।

**हस्ताक्षर निविदादाता**
**(हस्ताक्षर करने वाले का नाम)**
**फर्म की मुहर**

# अध्याय 5

# बयाना राशि (Earnest Money Deposit)

**निविदाता द्वारा तकनीकी निविदा के साथ बयाना राशि निम्न शर्तो के अंतर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित है:**

1. ठेकेदारों/निविदादाता द्वारा निविदा में अभिलिखित किए गए अनुमानित मूल्य का **2 प्रतिशत बयाना** राशि निविदा के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना बयाना राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. बयाना राशि केवल नकद (₹ 20,000/– से कम की राशि होने की स्थिति में)/डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के रूप में स्वीकार की जाएगी। डिमांड ड्राफ्ट तथा बैकर्स चैक किसी भी शिड्यूल्ड बैंक का "Research Officer, Department of Science & Technology, Bikaner" अथवा "अनुसंधान अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, बीकानेर" के नाम बीकानेर में देय होगा। बयाना राशि **एवं निविदा शुल्क अलग अलग जमा करवाए जाने होंगे | अलग अलग निविदा हेतु अलग अलग बयाना राशी के डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक जमा करवाने है |**
3. वित्तीय निविदा खुलने के दिनांक से तीन माह तक वैध होगी।
4. सफल निविदादाता की बयाना राशि प्रतिभूति निक्षेप (Security Deposit) में समायोजित की जाएगी तथा शेष प्रतिभूति राशि, करार के निष्पादन के समय ली जाएगी। यदि सफल निविदादाता द्वारा पृथक से पूर्ण प्रतिभूति राशि जमा करा दी गयी है तो जमा करायी बयाना राशि लौटा दी जावेगी।
5. बयाना राशि का समपहरण (Forfieture of EMD):– निम्नलिखित मामलों में में बयाना राशि को समपहृत कर लिया जाएगा:–

   (क) जब बोली लगाने वाला बोली के खुलने के पश्चात अपनी बोली प्रत्याहृत या उपान्तरित करता है।

   (ख) जब बोली लगाने वाला प्रदाय/संकर्म आदेश देने के पश्चात विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर करार, यदि कोई हो, का निष्पादन नहीं करता है।

   (ग) जब बोली लगाने वाला विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रदाय/संकर्म आदेश के अनुसार माल या सेवा का प्रदाय या संकर्म का निष्पादन प्रारंभ करने में असफल रहता है।

   (घ) जब बोली लगाने वाला प्रदाय/संकर्म आदेश दिये जाने के पश्चात विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर कार्य संपादन प्रतिभूति जमा नहीं कराता है।

   (ङ) जब बोली लगाने वाला अधिनियम और नियमों में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालों के लिये विहित सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबंध को भंग करता है।

# अध्याय 6
## निविदा की विधि

6 यह निविदा द्वि–स्तरीय निविदा सिस्टम आधारित है जिसमें प्रथम स्तर तकनीकी निविदा है तथा द्वितीय स्तर वित्तीय निविदा है। निविदा की विधि निम्नानुसार हैः–

6.1 निविदा टाइप की हुई अथवा अमिट स्याही से भरी होनी चाहिये।

6.2 निविदा एवं संलग्न प्रपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में होने चाहिये। अन्य भाषा में प्राप्त निविदा अथवा प्रपत्रों/दस्तावेजों को विचार हेतु अयोग्य माना जायेगा।

6.3 निविदा दाता निविदा प्राप्त करने ,भरने विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा स्पष्टीकरण, यदि कोई हो ,प्रस्तुत करने के दौरान होने वाले समस्त खर्च स्वयं वहन करेगा। इस हेतु विभाग द्वारा कोई भी राशि देय नही होगी।

6.4 निविदादाता से यह अपेक्षित है कि उसे साइट (जहाँ कि कार्य किया जाना है), निविदा की शर्तो एवं अन्य समस्त स्थानीय कानूनों एवं परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान होगा। ऐसा न होने पर होने वाले नुकसान और/अथवा अन्य प्रभाव के लिये निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा था विभाग किसी प्रकार के दखल /क्षतिपूर्ति के लिये उत्तरदायी नही होगा।

6.5 निविदा प्रस्तुत किये जाने की आखिरी दिनांक के पश्चात् तीन माह की अवधि तक वैध होनी चाहिये। उक्त अवधि से अल्प वैधता वाली निविदा निरस्त योग्य मानी जायेगी।

6.6 प्रकाशित निविदा में इंगित तकनीकी निविदा प्रस्तुत किये जाने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएं विलम्बित निविदाएं मानी जायेंगी तथा उनको खोले बिना सम्बधिंत फर्मो को लौटा दिया जायेगा।

6.7 विभाग द्वारा तकनीकी निविदा को क्रय समिति एवं निविदादाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रकाशित निविदा में इंगित तकनीकी निविदा खोले जाने के दिनांक एवं समय खोला जायेगा। तकनीकी निविदा का मूल्यांकन विभाग द्वारा अधिकृत क्रय समिति द्वारा किया जायेगा जिसमें ऐसी निविदाएं जो सम्पूर्ण हो तथा अध्याय–5 में वर्णित तकनीकी अर्हताएं पूरी करती हो को तकनीकी रूप से स्वीकृत निविदाएं घोषित किया जायेगा। जो निविदाएं अपूर्ण हों अथवा निर्धारत तकनीकी अर्हताएं पूरी नही करती हो उन्हे अस्वीकृत घोषित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

6.8 तकनीकी रूप से स्वीकृत निविदाओं की वित्तीय निविदा को क्रय समिति एवं तत्सम्बधिंत निविदादाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा जिस हेतु दिनांक, समय एवं स्थान की सूचना तत्सम्बधिंत निविदादाता फर्मो निविदा में बताये गये पते पर दे दी जायेगी।

6.9 **<u>निविदा लिफाफे एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने का तरीका :–</u>**

1. निविदादाता द्वारा निविदायें दो अलग–अलग लिफाफों में प्रस्तुत की जावेगी। प्रथम लिफाफा तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) तथा दूसरा वित्तीय बिड के लिए होगा।
2. निविदादाता को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित लिफाफे में निविदा प्रस्तुत करनी होगी तथा **लिफाफों के उपर तकनीकी बिड या वित्तीय बिड स्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।**
3. प्रथम लिफाफे (तकनीकी बिड) में अध्याय 4 में अंकित समस्त प्रपत्र रखे जावेगे :–
   i. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा का प्रमाण (नकद रसीद की प्रति/ डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ प्रतिभूति निपेक्ष)

ii. अमानत (बयाना) राशि जमा का प्रमाण (डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ प्रतिभूति निपेक्ष/ विभाग में राशि जमा की रसीद) बयाना राशि के अभाव में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा/ राज्य सरकार से देय छूट मान्य होगी।

iii. चैक लिस्ट

iv. Annexure 1 (सेवाओं का अनुभव)

v. Annexure 2 (शपथ पत्र)

vi. Annexure 3

vii. Annexure 4 (भाग–अ के एवज में केवल फर्म के लेटर हैड पर शपथ–पत्र के रूप में)

viii. अनुभव प्रमाण पत्र

ix. टर्न ओवर का चार्टेड अकाउन्टेन्ट (संविदा लेखाकार) का प्रमाण पत्र की प्रति/ चार्टेड अकाउन्टेन्ट (संविदा लेखाकार) द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट की प्रति।

x. पंजीयन प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां (श्रम विभाग, पी.एफ. विभाग एवं ई.एस.आई. विभाग **जो भी लागू हो**)

4. **दूसरे लिफाफे (नम्बर–2)** में केवल वित्तीय निविदा (बिड) होगी जिसमें निविदादाता को निर्धारित प्रपत्र में अपनी दर अंको में एवं शब्दो में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। शब्दों एवं अंको में उल्लेखित राशि में अन्तर होने पर दोनों में से जो राशि कम होगी उस पर विचार किया जावेगा।

5. तकनीकी तथा वित्तीय निविदा का प्रत्येक पृष्ठ निविदादाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित तथा फर्म की मोहर लगा होना चाहिये। ऐसा कोई भी पृष्ठ जो अहस्ताक्षरित अथवा बिना फर्म की मोहर अथवा दोनों हो ,निविदा का भाग नही माना जायेगा तथा उस पर कोई विचार नही किया जायेगा।

6. उक्त दोनों लिफाफे एक मुख्य लिफाफे में रखे जाकर जमा कराया जाना चाहिये। निविदायें निविदा में वर्णित कार्यालय में निर्धारत तिथि एवं समय तक प्रस्तुत/प्रेषित करनी होंगी। मुख्य लिफाफे के उपर **"विज्ञान उद्यान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नवलगढ, झुंझुंनू में अनुबन्ध पर संचालन, प्रदर्शन एवं गतिविधि आयोजन सेवा उपलब्ध कराने के कार्य के वार्षिक अनुबन्ध हेतु निविदा'' व "निविदा शुल्क व बयाना राशि का विवरण" (यथा जी.ए.–55 नंबर/डी.डी. /बैंकर्स चैक का ब्यौरा)"** स्पष्ट रूप से लिखी होनी चाहिए। निविदादाता का पता एवं फोन नम्बर इत्यादि लिफाफे पर अंकित होना चाहिये। **डाक में विलम्ब होने का कारण स्वीकार्य नहीं होगा।**

| **लिफाफा संख्या** | **लिफाफों में निम्न दस्तावेज होने चाहिये** |
|---|---|
| **लिफाफा सं.1** | **<u>तकनीकी निविदा, लिफाफा (नम्बर–1):</u>**<br>1. निविदा प्रपत्र शुल्क का प्रमाण<br>2. बयाना राशि का प्रमाण<br>3. अध्याय 11 (निविदा प्रपत्र)<br>4. चैक लिस्ट<br>5. **Annexure-1**<br>6. **Annexure-2**<br>7. **Annexure-3**<br>8. **Annexure-4**<br>9. सभी प्रमाण पत्र/अनुभव, कार्यादेश आदि की सत्यापित प्रतियां<br>10. टर्नओवर प्रमाण पत्र आदि |
| **लिफाफा सं.2** | **<u>वित्तीय निविदा लिफाफा (नम्बर–2):</u>**<br>**अध्याय–12** |
| **मुख्य लिफाफा** | उपरोक्त दोनों लिफाफे |

मुझे/हमें इस निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त शर्ते मंजूर है।

**हस्ताक्षर निविदादाता**

**निविदादाता का नाम एवं पूर्ण पता**

**मोहर**

# अध्याय 7
# अपात्रता

7 निविदाएं निम्न कारणों से अपात्र घोषित की जा सकती है :

7.1 निविदा सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एंव समय के पश्चात् प्राप्त हुई निविदाएं।

7.2 बिना निविदा मुल्य एवं बयाना राशि के जमा निविदाएं। यदि उक्त हेतु छूट चाही गयी है तो इसके लिये पात्रता साबित करने के लिए आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतियो के बिना प्राप्त निवदायें।

7.3 अपूर्ण वित्तीय निविदा प्रपत्र अर्थात वित्तीय बोली के किसी भी कॉलम को खाली छोड़ने पर बोली प्रतियोगिता से बाहर मानी जावेगी।

7.4 भ्रामक अथवा गलत तथ्य/दावे प्रस्तुत करने वाली निविदायें।

7.5 खराब कार्य यथा किसी अनुबन्ध को बीच में छोड़ना, खराब कार्य हेतु रिकार्ड उपलब्ध होना इत्यादि, अकारण देरी, कार्य/आदेशों की अपालना/देरी (एकाधिक बार), वित्तीय असफलता।

7.6 विभाग द्वारा चाहे गये स्पष्टीकरण को न प्रदान कर पाना/तय समय से देरी से प्रदान करना।

7.7 एक से ज्यादा निविदाएं प्रस्तुत करना। ऐसा होने पर फर्म द्वारा भरी गयी समस्त निविदाएं तकनीकी मूल्याकंन में निरस्त की जा सकेंगी।

7.8 अपूर्ण व सशर्त निविदा प्रस्तुत करना।

7.9 तकनीकी अर्हताओं का पूर्ण न कर पाना।

7.10 निविदादाता अथवा उसके किसी प्रतिनिधि का अवांछित रूप से प्रभाव डालना/डलवाना, विवाद इत्यादि करना, रिश्वत इत्यादि का प्रस्ताव करना अथवा गैर कानूनी रूप से तुष्टीकरण करना।

7.11 अल्प वैद्यता वाली निविदा प्रस्तुत करना।

7.12 यदि निविदादाता का अनुबंध समयावधि में व्यवहारकुशल न होना।

7.13 **सर्विस चार्ज शून्य में अंकित की गई बोलियां मान्य नहीं होगी एवं निरस्त समझी जावेगी।**

# अध्याय 8
# निविदा का मूल्याकंन

8 निविदा का मल्यांकन निम्नानुसार होगाः

8.1 तकनीकी निविदा, निविदा–सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एवं समय तक प्राप्त होने वाली समस्त निविदाएं क्रय समिति एवं फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष तकनीकी निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय को खोली जायेगीं। उक्त तिथि/समय में परिवर्तन होने पर नवीन तिथि की सूचना प्रदान कर दी जायेगी।

8.2 तकनीकी निविदाएं खुलने के समय समस्त वित्तीय निविदाओं के लिफाफे बन्द रखते हुए निविदाओं के खुलने समय क्रय समिति के सदस्यों एवं सफल फर्मों उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेगें।

8.3 तकनीकी निविदाएं खुलने के बाद इनको तकनीकी रूप से मूल्यांकन किया जायेगा। आवश्यक समझने पर निविदादाताओं से उनके द्वारा प्रस्तुत तकनीकी निविदा में प्रस्तुत किये गये किसी भी प्रपत्र/दस्तावेजों पर स्पष्टीकरण भी मंगा सकता है जिसे निविदादाताओं को तय समय सीमा विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। निविदादाताओं द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकारी का होगा। स्पष्टीकरण के जवाब में कोई भी नवीन दस्तावेज मान्य नहीं होगा।

8.4 तकनीकी निविदाओं के मूल्यांकन के पश्चात् देरी से आने वाली, अपूर्ण अथवा तकनीकी अर्हता पूर्ण नही करने वाली निविदाओं को अस्वीकार करते हुए निरस्त घोषित कर दिया जायेगा तथा अन्य सभी निविदाओं को स्वीकार करते हुए उन की वित्तीय निविदाएं खोली जायेगी।

8.5 गलतियों का सुधारः–वित्तीय निविदाओं का मूल्यांकन विभाग द्वारा किया जायेगा। इस दौरान किसी प्रकार की गलती का सुधार सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम भाग 2 मे वर्णित नियमों के तहत किया जायेगा।

8.6 गलतियों के सुधार के पश्चात् नियमानुकूल संशोधित दरों के आधार पर निविदाओं का आंकलन किया जायेगा।

